मोबाइल नं0 7525006056, 7525006063
वेबसाइट www.upcbl.in

# उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0,

## 2–महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ–226001

## विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य में संचालित जिला सहकारी बैंकों में से 12 जिला सहकारी बैंकों में प्रत्येक बैंक हेतु एक–एक **"कोआपरेटिव इंटर्न"** के पद पर एक वर्ष के लिए भारत के नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जिसका विवरण निम्नांकित है :–

| क्र0सं0 | विवरण | नियम एवं शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | **पद का नाम** | **"कोआपरेटिव इंटर्न"** |
| 2 | **सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण हेतु कोऑपरेटिव इंटर्न की नियुक्ति** | सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पहलों के लाभ बुनियादी स्तर तक पहुँचे यह सुनिश्चित करने, सहकारिता आधारित आर्थिक मॉडल को मजबूत करने तथा सहकारिताओं के लिए आवश्यक क्षमता निर्माण सुनिश्चित करने के उददेश्य से सहकारी बैंकों में **"कोआपरेटिव इंटर्न"** के नाम से युवा प्रोफेशनल व्यक्तियों की नियुक्ति की जानी है। **प्रत्येक इंटर्न केवल एक वर्ष के लिए नियुक्त किया जायेगा।** |
| 3 | **योजना के उद्देश्य** | i. सहकारिता आंदोलन को जमीनी स्तर तक पहुंचाना।<br>ii. प्रोफेशनल स्नातकों का क्षमता निर्माण करना ताकि वे सहकारी संस्थाओं का संदर्भ तथा व्यवहारिक कार्यप्रणाली सीख सकें।<br>iii. सहकारिता के क्षेत्र में अनुभवी प्रोफेशनल व्यक्तियों की संख्या बढ़ाना, इस प्रकार नियुक्त इंटर्न पर कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया में पैक्स को आने वाली दैनिक समस्याओं को हल करने के साथ–साथ व्यवसायिक योजनाओं, परियोजनाओं की तैयारी करने, वित्तीय मुद्दों को हल करने, विभिन्न अनुमोदन प्राप्त करने आदि की जिम्मेदारी होगी। |
| 4 | **पात्रता** | विपणन प्रबन्धन/सहकारी प्रबन्धन/कृषि व्यवसाय प्रबन्धन/ग्रामीण विकास प्रबन्धन में एम0बी0ए या समकक्ष।<br>अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई)/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी) द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान द्वारा प्रदान किये गये पीजीडीएम (प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा) पर दो वर्षीय पाठ्यक्रम को एम0बी0ए0 के समकक्ष माना जायेगा। |
| 5 | **अनिवार्य अर्हता:** | कम्प्यूटर में प्रवीणता अनिवार्य। दक्षता प्रमाण–पत्र संलग्न करें। |
| 6 | **आयु सीमा:** | अभ्यर्थी की आयु दिनॉक 01.07.2024 को न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिए। |
| 7 | **पद की संख्या** | कुल 12 पद। (12 जिला सहकारी बैंकों में प्रत्येक के लिए एक–एक इंटर्न की नियुक्ति की जानी है।) |
| 8 | **इंटर्न की तैनाती:** | चयनित इंटर्न को उनके द्वारा चुने गए जनपद के आधार पर 12 जिला सहकारी बैंकों में तैनात किया जाना है, जिससे स्थानीय क्षेत्र के बारे में उनकी समझ का लाभ उठाया जा सके।<br>एक साल की इंटर्नशिप को संसाधन व्यक्तियों की भर्ती के समान नहीं माना जायेगा। |

क्रमशः.............02

जिला सहकारी बैंकों का नाम, पद संख्या तथा उनके कार्यक्षेत्र निम्नांकित है :–

| क्र0 सं0 | बैंक / जिला सहकारी बैंकों का नाम | पद की संख्या | जनपद का नाम / कार्यक्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | एटा डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि, एटा | 01 | एटा एवं कासगंज |
| 2 | जिला सहकारी बैंक लि0, ललितपुर | 01 | ललितपुर |
| 3 | जिला सहकारी बैंक लि0, बुलन्दशहर | 01 | बुलन्दशहर एवं गौतमबुद्ध नगर |
| 4 | मुजफ्फर नगर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0, मुजफ्फरनगर | 01 | मुजफ्फर नगर एवं शामली |
| 5 | अलीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0, अलीगढ़ | 01 | अलीगढ़ एवं हाथरस |
| 6 | जिला सहकारी बैंक लि0, प्रतापगढ़ | 01 | प्रतापगढ़ |
| 7 | डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0, फैजाबाद | 01 | अयोध्या एवं अम्बेडकर नगर |
| 8 | सुल्तानपुर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0, सुल्तानपुर | 01 | सुल्तानपुर एवं अमेठी |
| 9 | देवरिया जिला सहकारी बैंक लि0, देवरिया | 01 | देवरिया एवं कुशीनगर |
| 10 | बांदा डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0, बांदा | 01 | बांदा एवं चित्रकूटधाम |
| 11 | जिला सहकारी बैंक लि0, मेरठ | 01 | मेरठ एवं बागपत |
| 12 | हरदोई डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0, हरदोई | 01 | हरदोई |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | **वेतनः** | चयनित इंटर्न को रु0 25,000 / – के समेकित मासिक वेतन का भुगतान किया जाएगा। प्रत्येक बैंक में निर्धारित व्यवस्थानुसार यात्रा भत्ता (टीए) / महंगाई भत्ता (डीए) देय होगा। इंटर्न वर्ष में 10 दिन आकस्मिक अवकाश का लाभ उठा सकते हैं और इसके अलावा उन्हें कोई अन्य अवकाश प्रदान नहीं किया जाएगा। आकस्मिक अवकाश के अलावा अन्य अवकाश ''अवैतनिक अवकाश'' के रूप में प्रदान किया जाएगा। इंटर्न को संबंधित जिला सहकारी बैंकों में लागू छुट्टियों के अनुसार छुट्टियाँ दी जा सकती हैं। |
| 10 | **इंटर्न की भूमिकाएँ तथा कार्यः** | इंटर्न निम्नलिखित भूमिकाओं तथा कार्यों का निर्वहन करेंगेः<br>i. इंटर्न पैक्स तथा अन्य प्राथमिक सहकारी समितियों के साथ समन्वय करेंगे तथा सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई पहलों के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।<br>ii. इंटर्न पर कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया में पैक्स को आने वाली दैनिक समस्याओं को हल करने के साथ–साथ व्यावसायिक योजनाओं, परियोजनाओं की तैयारी करने, वित्तीय मुद्दों को हल करने, विभिन्न अनुमोदन प्राप्त करने आदि की जिम्मेदारी होगी।<br>iii. इंटर्न जिला सहकारी बैंक / उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक के साथ समन्वय करके सहकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई पहलों के कार्यान्वयन की स्थिति पर साप्ताहिक (स्टेटस) रिपोर्ट तैयार करेगा / करेगी तथा उसे शेयर करेगा / करेगी। |

क्रमशः.........03

| | | |
|---|---|---|
| 11 | **अन्य नियम एवं शर्तें:–** | i. यह इंटर्नशिप कार्यक्रम बैंक या बैंक से संबंधित संस्थाओं के साथ रोजगार या रोजगार का आश्वासन नहीं है, तथा इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के आधार पर कोई इंटर्न बैंकों में नियुक्ति का अधिकार या दावा नहीं कर सकेगा।<br>ii. यह इंटर्नशिप एक पूर्णकालिक कार्यक्रम है, अतः इंटर्न को बैंकों के कार्यालय समय का ध्यान रखना होगा। यदि इंटर्न का कार्य निष्पादन संतोषजनक नहीं पाया जाता है या इंटर्न बैंक की अनुमति के बिना अनुपस्थित रहता है तो इंटर्नशिप किसी भी समय खत्म की जा सकती है और इंटर्न को कोई वित्तीय लाभ नहीं दिया जाएगा। उपर्युक्त मदों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, बैंक किसी भी समय बिना कोई कारण बताए इंटर्न की सेवाएँ निरस्त कर सकता है।<br>iii. इंटर्न को इंटर्नशिप की अवधि के दौरान उसे प्राप्त सभी आलेखों/रिपोर्टों और/या किसी भी सूचना की गोपनीयता बनाए रखनी होगी, जिसका उल्लंघन किये जाने पर उसके कानूनी परिणाम होंगे। इंटर्न किसी व्यक्ति या संगठन के समक्ष बैंक से संबंधित ऐसी कोई जानकारी, उसकी व्यवसायिक योजना तथा नीतियाँ प्रकट नहीं करेगा, जो सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं है।<br>iv. इंटर्न को संबंधित जिला सहकारी बैंक के नियमों और विनियमों का पालन करना होगा।<br>v. इंटर्न किसी अन्य व्यक्ति/संगठन के समक्ष बैंक, उसके कार्य तथा उसकी नीतियों से संबंधित कोई गोपनीय जानकारी प्रकट नहीं करेगा।<br>vi. कोई इंटर्न फेसबुक/ट्विटर हैंडल जैसे सोशल मीडिया सहित किसी भी मीडिया (प्रिंट और/या इलेक्ट्रॉनिक) के साथ न तो बातचीत करेगा और न ही उनके समक्ष बैंक का प्रतिनिधित्व करेगा। इंटर्न सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना अपना कार्य सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं करेंगे।<br>vii. इंटर्न बैंक के साथ तथा सामान्य जनता के साथ प्रोफेशनल रूप से व्यवहार करेंगे।<br>viii. इस बात का सख्ती से ध्यान रखा जाए कि इंटर्न का आचरण तथा डेटा तक उनकी पहुँच केवल संबंधित बैंक की जिम्मेदारी होगी। |

## उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0,
## 2—महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ—226001

स्व प्रमाणित पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो

### : जिला सहकारी बैंक लि0 में कोआपरेटिव इंटर्न पद हेतु आवेदन पत्र :

1. अभ्यर्थी का नाम ..........................................................................................................

2. पिता/पति का नाम ..........................................................................................................

3. स्थायी पता ..........................................................................................................

4. पत्र व्यवहार का पता ..........................................................................................................

5. मोबाइल नं0 एवं ई—मेल ..........................................................................................................

6. जन्मतिथि ..........................................................................................................

   (01 जुलाई, 2024 को आयु) वर्ष ............................ माह ............................... दिन ..............................

7. शैक्षिक योग्यता :—

| विवरण | विषय | बोर्ड/संस्थान | उत्तीण वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | |
| स्नातक | | | | |
| एम0बी0ए0 या समकक्ष | | | | |
| अन्य योग्यता यदि कोई हो | | | | |

8. जिला सहकारी बैंक का नाम लिखें :—

| |
|---|
| 1. |
| 2. |

**नोट :—** अभ्यर्थी द्वारा आवेदन हेतु किन्हीं 02(दो) जिला सहकारी बैंकों का चयन किया जा सकता है।

9. अनिवार्य अर्हता — कम्प्यूटर में प्रवीणता। दक्षता प्रमाण—पत्र संलग्न करें।

**घोषणा—**मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्तानुसार वर्णित तथ्य मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही हैं। बैंक के नियम, शर्तें एवं प्रतिबन्ध मुझे पूर्णतया स्वीकार्य हैं और मैं उन्हें पूर्णरूप से पालन करने का आश्वासन देता/देती हूँ।

**स्थान :**

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

**दिनांक :**

**(नाम—............................................................................ )**

**निर्देशः**

1. आवेदन पत्र के साथ हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, वांछित शैक्षिक योग्यता की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न की जाएं, अन्यथा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा।
2. आवेदन पत्र एवं संलग्नक PDF Format में अपलोड करें।
3. जिला सहकारी बैंकों के लिए आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी को आवेदित जिला सहकारी बैंकों के कार्यक्षेत्र की जानकारी होना अनिवार्य है।
4. अभ्यर्थी के अर्ह अथवा अनर्ह होने पर किसी भी विवाद की दशा में उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक का निर्णय अन्तिम होगा।
5. आवेदन पत्र बैंक ईमेल **niyukti@upscb.com** पर दिनांक 25.05.2025 को सायंकाल 5:30 बजे तक प्रेषित किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।